प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने हजारीबाग में मारा छापा, एक को लिया हिरासत में, कई अहम दस्तावेज लगे हाथ।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नशे के कारोबार को हर हाल में नष्ट करने का दिया आदेश।
- श्रावणी मेला में भीड़ संभालने में ली जाएगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश–एआई की मदद 'बाबाधाम एप' से मिलेगी सभी तरह की सूचनाएं।
- रांची समेत राज्य के रामगढ़, बोकारो, गुमला, हजारीबाग और खूंटी में आज और कल होगी बारिश।

***************

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने कल हजारीबाग में छापेमारी की। छापेमारी कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्टहाउस में देर शाम की गयी। यहां से सीबीआई ने एक व्यक्ति राज कुमार उर्फ राजू को हिरासत में लिया है। जांच एजेंसी को राजू के पास से कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। सीबीआई की टीम उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी। वहीं छापेमारी के बाद उक्त गेस्ट हाउस पर ताला लगा दिया गया है।

***************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में नार्को समन्व्य केन्द्र (एनसीओआरडी) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। श्री शाह राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस'– मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र का शुभारंभ और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे। गृह मंत्री एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट 2023 और नशा मुक्त भारत पर विवरण भी प्रस्तुत करेंगे।

***************

कोयला मंत्रालय ने कल सातवें चरण के दूसरे प्रयास के अंतर्गत तीन कोयला खदानों की नीलामी के लिए कोयला खनन विकास और उत्पादन समझौते को लागू कर दिया है। व्यवसायिक कोयला खनन के तहत मच्छाकाटा कोयला खान, कुडानली लुबरी कोयला खदान और सखीगोपाल–बी काकुरही से संबंधित कोयला खदान के लिए समझौते लागू कर दिये गए हैं।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में नशे के कारोबार पर रोक नहीं लगने पर नाराजगी जतायी है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को कहा है कि हर हाल में नशे के नेटवर्क को नष्ट किया जाए। नशे के कारोबार को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व में स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए कल मुख्य न्यायाधीश डॉ बीआर षाड़ंगी और न्यायामूर्ति सूजित नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि राज्य में अफीम, गांजा और चरस की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कोर्ट ने कहा कि इसपर रोक लगाने के लिए एसओपी तैयार कर कोर्ट को दो सप्ताह में पेश करे।

***************

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा आज दस बजे रांची पहुंचेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से रांची से तोरपा और खूंटी जाएंगे। वे तोरपा विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर में वे खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं कल श्री सरमा महानगर कार्यलय में आयोजित विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे।

***************

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने गुमला जिले के सर्वांगीण विकास तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को लेकर अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक की।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

देवघर स्थित बाबाधाम में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला को लेकर कल झारखंड और बिहार के अधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित और नियंत्रित करने के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– एआई की मदद ली जाएगी। इससे श्रावणी मेला का संचालन कर रहे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को रियल टाईम जानकारी मिलेगी। वहीं मेले में श्रद्धालुओं की कितनी संख्या है, श्रद्धालुओं की कतार कितनी है और मुख्य मंदिर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा इन सब की जानकारी बाबाधाम ऐप पर दी जाएगी। इस कार्य को संचालित करने के लिए तकनीकी टीम को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

***************

कल मुहर्रम को लेकर रांची सहित राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। मुहर्रम के जुलूस को लेकर रांची में कल सुबह दस बजे के बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की नोइंट्री लगा दी गयी है। इससे पहले कल पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखें और ऐसे लोगों पर मामलों का सत्यापन करते हुए तुरंत कार्रवाई करें। इधर राजधानी रांची में मुहर्रम की जुलूस को लेकर दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। वहीं संवेदशील जगहों को चिन्हित करते हुए सीसी टीवी कैमरा लगाया जा रहा है ताकि हर आने जाने वालों पर नजर रखी जा सके।

***************

धनबाद के टुंडी थाना क्षेत्र के एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया मांझी को आईबी की टीम ने जिला मुख्यालय स्थित एक अस्पताल से गिरफ्तार किया है। भाकपा माओवादी केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रयाग मांझी की पत्नी कैंसर से पीड़ित है और अपनी पहचान छुपा कर धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची थी। बताया जाता है कि जया मांझी माओवादी नारी संगठन की मुखिया है। बीते कई वर्षों से पुलिस उसकी तलाश की रही थी। उसपर 25 लाख रुपए के इनाम का प्रस्ताव भी गृह विभाग को भेजा गया था, हालांकि बाद में यह प्रस्ताव वापस ले लिया गया।

***************

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज और कल हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विशेषकर राज्य के दक्षिणी भाग में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां के अलावा मध्य भाग में रांची, रामगढ़, गुमला, बोकारो, हजारीबाग और खूंटी में बारिश होने का पूर्वानुमान है। कल भी रांची के अलावा आसपास के क्षेत्रों में शून्य दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक बारिश तिरसठ दशमलव पांच मिलीमीटर गढ़वा के धुरकी ब्लॉक में हुई।

***************

खेलो इंडिया महिला भारतोलन का जोनल लीग कल ओड़िशा में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम को तीसरा स्थान मिला है। दो खिलाड़ियों को रजत पदक मिला है। आरोही कुमारी को इकहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में और धनपति कुमारी को उन्चास किलोग्राम भार वर्ग में ये पदक मिला। झारखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन ने इसके लिए खिलाड़ियों को बधाई दी है।

***************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकांश अखबारों में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मिलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – हेमंत ने मोदी को फिर पीएम बनने की दी बधाई, राष्ट्रपति से भी की मुलाकात, मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थी मौजूद।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– तमाड़ में बारातियों से भरी बस में दौड़ा करेंट, तीन की मौत, पांच बाराती गंभीर रूप से झुलसे।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर शीर्षक बनाया है–एसबीआई से लोन लेना होगा महंगा, बैंक ने ब्याज दरों में किया इजाफा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बोले डोनाल्ड ट्रम्प, भाग्य या फिर भगवान की कृपा से बच गया।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे झारखंड।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने ट्रम्प पर हुए हमले के बाद वहां पर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

***************